## सार-समाचार

### गोष्ठी में काव्य रस की सरिता बही

**जोधपुर**, (कासं) । नवोदय सबरंग साहित्य परिषद, जोधपुरकी मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन स्वर्गीय एन के मेहता को समर्पित रही। उनकी प्रथम मासिक पुण्य-तिथि के अवसर पर आयोजित इस गोष्ठी में नगर के दर्जन भर काव्य-प्रेमियों और कला पारखियों ने अपने-अपने कलाम पेश किए। स्व.मेहता के चित्र पर पुष्पाहार पहनाने उन्हें के पश्चात् श्याम गुप्ता शान्त ने भविष्य में संस्था की गतिविधि बाबत एक रूपरेखा प्रस्तुत की। जिसके अनुसार स्व.मेहता के स्थान पर अनुराधा अडवानी को सर्वसम्मति से संस्था का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। तत्पश्चात मेहता की एक कविता के अंश का पाठ करने के बाद गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। पहले चरण में नंद किशोर भाटी, असरार आहिल, एन.के.कोठारी,पंकज बिंदास और दीपिका रूहानी ने पुराने दिलकश फिल्मी नगमे सुनाकर माहौल को अपने नाम कर लिया। उसके बाद के दौर में वरिष्ठ शायर अशफ़ाक अहमद फौजदार, श्याम गुप्ता शान्त, एन.डी.निंबावत, असरार आहिल, ओमप्रकाश गोयल, डॉ.तृप्ति गोस्वामी, नीलम व्यास और डॉ.उमेश दाधीच की पुरकशिश रचनाओं ने काव्य-रस की सरिता प्रवाहित कर दी। काव्य-प्रेमियों ने ढाई घंटे तक महफ़िल को अपने आग़ोश में बांधे रखा। पाक. शायर मुमताज सा. की ग़ज़ल -''परदा-ए-ज़हन से एक साया गुज़र जाता है, एक पल को मेरा दिल जैसे ठहर जाता है..'' को अपना मधुर कण्ठ देकर श्रीमती अनुराधा अडवानी ने ग़ज़ल के अशआर में अपनी आवाज का जादू भर दिया।नरेन्द्र अडवानी के आत्मीय- आतिथ्य में उक्त आयोजन का सफल संचालन संस्था के सचिव अशफ़ाक अहमद फौजदार ने किया।

### हादसों में तीन जनों की मौत

**जोधपुर**, (कासं) । कमिश्नरेट के अलग अलग थाना क्षेत्र में हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई के उपरांत शव परिजन को सुपुर्द किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार करवड़ पुलिस ने बताया कि खारडा का रहने वाला 43 वर्षीय महिंगाराम पुत्र ताजाराम जाट शुक्रवार को अपने घर में होद से पानी निकाल रहा था, तब पैर फिसलने से गिर गया और उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। उसके भाई हेमाराम जाट ने मर्ग में रिपोर्ट दी। वहीं सूरसागर पुलिस ने बताया कि रूपावतों का बेरा सूरसागर की रहने वाली रेणु पुत्री पुखराज गहलोत ने अपने घर की रसाई में पेट के गैस की गोली की जगह भूल से कीटनाशक गोली खा ली। उसे तबीयत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर गए। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। उसके रिश्तेदार मालियों का राजबाग निवासी कुलदीप सांखला ने इस बारे में मर्ग में रिपोर्ट दी। जबकि लूणी पुलिस ने बताया कि लुणवास जाटान झंवर निवासी गणपत राम पुत्र फरसाराम जाट ने मर्ग में रिपोर्ट दी कि उसका भाई भागीरथ शुक्र वार को चलती ट्रेक्टर ट्राली से नीचे गिर गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया।

### लापता युवक का शव कायलाना में मिला

**जोधपुर**, (कासं) । कलाउ देचू का एक युवक अपने ससुराल जोधपुर आया था। यहां ससुराल पहुंचने के बाद वहां से निकल गया। इधर सूचना मिली कि युवक का शव कायलाना झील में पड़ा है। यहां परिजन पहुंचे और राजीव गांधी नगर थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि फलोदी जिले के देचू थानान्तर्गत तालिया कलाउ निवासी 35 वर्षीय जसराज पुत्र दमाराम सोनी 7 जुलाई को अपने घर से जोधपुर ससुराल के लिए निकला था। वह 8 जुलाई की सुबह अपने ससुराल भी पहुंचा था। मगर उसके बाद वह लापता हो गया। इधर 11 जुलाई को उसके चचेरे भाई ओमप्रकाश सोनी का देचू पुलिस से सूचना मिली कि कायलाना में युवक का शव मिला है। जिस पर परिजन यहां पहुंचे और उसकी पहचान की गई। पुलिस ने बताया कि मृतक जसराज के चचेरे भाई ओमप्रकाश पुत्र नखतमल सोनी की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया गया है। वह कायलाना कब और कै से पहुंचा फिलहाल इस बारे में अग्रिम जांच की जा रही है।

### सुखदेव गोगामेडी का जन्मदिवस मनाया

**रेवदर**, (निसं)। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना सिरोही टीम ने अपने राष्ट ीय अध्यक्ष अमर सुखदेव सिंह गोगामेडी का जन्मदिवस सेवा एवं गौसेवा के माध्यम से मनाया। जिला अध्यक्ष सुजान सिंह वडवज के निर्देशानुसार करणी सेना की टीम ने लुणोल गोशाला पहुंचकर गायों को गुड व केला खिलाया और राष्ट ीय अध्यक्ष के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। इसके बाद आबूरोड व रेवदर तहसील टीम ने ऋषिकेश के जंगलों में बंदरों को केला खिलाया और सनवाडा में गौ माता को हरी घास अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने गोगामेडी के बलिदान व प्रेरणास्पद व्यक्तित्व को याद करते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आबूरोड तहसील अध्यक्ष यशपाल सिंह देवडा, रेवदर तहसील अध्यक्ष भीम सिंह सनवाडा, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह जालमपुरा, जिला सचिव हरीसिंह देवडा, तहसील उपाध्यक्ष नरपतसिंह तंवर (चाणोद), करण जोशी, सुरेश विश्नोई, ईश्वर सिंह, कल्याण सिंह और रमेश भाई माली सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक पौधा सौ पुत्रों के बराबर : पंवार

**पाली**, (नि.सं.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पांचवा कलां मे शनिवार को हरित राजस्थान एवं एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत 400 पौधों का रोपण कर विद्याथियों को पौधे गोद देकर उनका पालन पोषण करने हेतु निर्देशित किया। प्रधानाचार्य तेज सिहं पंवार ने पर्यावरण की महत्व बताते हुए कहा कि एक पौधा सौ पुत्रों के बराबर होता है उन्होने विद्यार्थियों को अगले साल पौधों का जन्मदिन मनाने की बात भी कही । प्रत्येक पेड पर विद्यार्थियों के नाम की तख्ती लगवाई गई एवं प्रत्येक विद्यार्थी को पांच पौधों का लक्ष्य दिया जिसका प्रारंभ आज 400 पौधे लगाकर किया। विद्यालय के स्टाफ ने भी स्वेच्छा से विभिन्न प्रजातियो के 5-5 पौधे लगाए।इस मौके पर लक्ष्मण सिहं राजपुरोहित, सुमेर सिहं मीना, सुशीला मीना, सुरेन्द्र सिहं भाटी, भरत चौधरी, गोविन्द राम, सुभाश भंवरिया, प्रशांत शर्मा तथा ग्रामीणों ने स्वेच्धा से भाग लिया जिनमें मुकेश सैन, जितेन्द्र प्रजापत, महिपाल सिहं, चौथाराम देवासी मौजूद रहे।

### भामाशाह के सहयोग से शिविर संपन्न

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट निंबोडा में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन समाजसेवी अजीत सिंह देवडा द्वारा ग्लोबल नेत्र हॉस्पिटल आबूरोड तलहटी के सहयोग से नि:शुल्क शिविर का आयोजन करवाया गया। जांच शिविर में नेत्र चिकित्सक संतोष द्वारा जांच की गई जिसमें 5० मरीजों को जांच शिविर का लाभ मिला उसमें से मोतियाबिंद के 1० मरीज निकले 7 मरीजों को सफल ऑपरेशन करने हेतु ग्लोबल हॉस्पिटल नेत्र संस्थान तलहटी आबूरोड भेजा गया। जांच शिविर में भामाशाह एवम समाजसेवी अजीत सिंह देवडा और ग्लोबल हॉस्पिटल टीम की ओर से टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल ,पिन्टू मेघवाल,फरजाना बानो,इंद्रा आदि उपस्थित रहे । इस अवसर पर लुनोल, निंबोडा, मीठन , मारोल , करोटी ओर आस पास आदि गांवों के लोगो ने भाग लिया।

### पीएचसी असाडा में लगाए गए दौ सौ पौधे

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव के निर्देशन में बालोतरा जिले में चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान अभियान के तहत शनिवार को पीएचसी असाडा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांका राम चौधरी के नेतृत्व में समाजसेवी वरीगाराम चौधरी एवं जोगसिंह के सहयोग से पीएचसी परिसर में लगभग दो सौ पौधे लगाए गए। इस पुनीत कार्य में पीएचसी प्रभारी डॉ. प्रेम प्रकाश, मेल नर्स महाराज राम और ओमप्रकाश ने सक्रिय रूप से सहयोग किया। पौधरोपण के बाद समस्त स्टाफ ने इन पौधों को सुरक्षित रखने और उनकी उचित देखभाल करने का संकल्प लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांका राम चौधरी ने बताया कि यह पहल हरियालो राजस्थान अभियान को गति देने के साथ पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढाने में भी सहायक होगी।

### डीएसटी वेस्ट ने पकड़ा युवक

**जोधपुर**, (कासं) । निकटवर्ती झंवर थाना क्षेत्र के बड़लिया- रोहिचा गांव रोड पर जिला स्पेशल टीम ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। उसक आआी तलाशी लिए जाने पर पास में देशी पिस्टल मय मैंग्जीन मिली। इस पर युवक को बाद में झंवर पुलिस के सुपुर्द किया गया। आरोपी के खिलाफ आम्र्स एक्ट में केस दर्ज किया गया है। थानाधिकारी बंशीलाल वैष्णव ने बताया कि जिला स्पेशल टीम प्रभारी एसआई पिंटू कुमार मय जाब्ते ने बड़लिया- रोहिचा रोड पर खेजड़लीकलां लूणी निवासी संजय सैन पुत्र पोकरराम सैन को गिरफ्तार किया।

# श्रावण कथा-चातुर्मास महोत्सव के लिए कलश यात्रा निकाली

**जालोर**, (कासं)। सनातन धर्म चातुर्मास सेवा समिति, जालोर की ओर से श्रावण मास एवं चातुर्मास महोत्सव के पावन उपलक्ष्य में शनिवार को नगर में भव्य एवं भक्तिमय कलश यात्रा का आयोजन किया गया। श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास से परिपूर्ण इस शोभायात्रा में नगर की हजारों मातृ शक्तियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर वातावरण को धर्ममय बना दिया।

कलश यात्रा का शुभारंभ कथा वाचक युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज के सान्निध्य में हुआ। यात्रा भक्त प्रहलाद चौक से प्रारंभ होकर घाचियों की पिलानी, सुभाष मार्केट, वीरमदेव चौक, गांधी चौक, सरदार पटेल मार्ग, तिलक द्वार, हरिदेव सर्कल, अस्पताल चौराहा होते हुए शहीद भगतसिंह स्टेडियम पर सम्पन्न हुई, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजन के साथ कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर भैरुनाथ अखाडे के महंत गंगनाथ महाराज के शिष्य ईश्वरनाथ महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। लेकिन ईश्वरनाथ महाराज के लिए अलग से रथ की व्यवस्था नही करना चर्चा का विषय बना रहा । कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग एवं भामाशाह हनुमान घांची ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। मीडिया प्रभारी सुरेश सोलंकी ने जानकारी दी कि



जालोर में चातुर्मास महोत्सव को लेकर कलश यात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

13 जुलाई से 8 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक शहीद भगतसिंह स्टेडियम, जालोर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज द्वारा किया जाएगा। विशेष बात यह है कि इस धार्मिक महोत्सव में श्रीमद भगवत कथा के साथ-साथ श्रद्धालुजनों को नानी बाई का मायरा, मीरा चरित्र कथा, एवं बाबा रामदेव की लीला अमृत कथा का श्रवण करने का पुण्य लाभ प्राप्त होगा।

कानाराम मेघवाल, पुखराज राजपुरोहित, भवानीसिंह धाधिया, रवि सोलंकी, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, दिनेश महावर, उत्तमचंद गर्ग, कल्याणसिंह, श्रीकांत भूतडा, नाथू सोलंकी, दिलीप सोलंकी, महेश भट्ट, दिनेश बारोट, पदमा नागर, मेथी देवी, उर्मिला दर्जी, अंजना सोलंकी, संतोष परिहार, सुशीला सैन, गीता बारोट सहित अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। सनातन धर्म चातुर्मास सेवा समिति, जालोर ने समस्त श्रद्धालुजनों से अपील की है कि वे इस धर्मोत्सव में अधिकाधिक संख्या में पहुंचे, सत्संग का लाभ लेंवे तथा भक्ति में सराबोर हो पुण्य लाभ अर्जित करें।

# सरूपगंज-बागरा ट्रेक सर्वे के लिए 2.40 करोड़ जारी

**जालोर**, (कासं)। जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी के अथक प्रयासों से सिरोही जिले वासियों के लिए बहुत बडी खबर है। सिरोही को रेलवे लाइन से जोडने की स्वीकृति मिलने के बाद अब सरूपगंज से जालोर के बागरा तक लाइन के सर्वे के लिए रेलवे बोर्ड चेयरमैन सतीश कुमार ने 2.40 करोड रुपए की स्वीकृति जारी की है।

इस रेलवे लाइन का सर्वे होगा। सर्वे में रेलवे लाइन पर कितने करोड खर्च होंगे, पूरी रिपोर्ट तैयार होगी। बहुत जल्द इसके लिए कार्य शुरू हो जाएगा। रेलवे लाइन स्वीकृति के बाद इसके सर्वे और वित्तीय स्वीकृति स्वीकृति को लेकर सिरोही-जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी ने जयपुर व अजमेर रेलवे में स्वीकृति के आदेश की जानकारी ली। आदेश नहीं पहुंचने वे सीधे दिल्ली पहुंचे, जहां बोर्ड चेयरमैन से मिलने का समय मांगा। रेलवे बोर्ड चेयरमैन सतीश कुमार व सांसद चौधरी से शुक्रवार शाम 4 बजे बैठक हुई। 3 घंटे चली बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड चेयरमैन ने फाइलें मंगवाई। बाद में इस रेलवे लाइन के सर्वे को लेकर 2.40 करोड की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की। बताया जाता है कि बैठक के दौरान सांसद चौधरी वित्तीय स्वीकृति व सर्वे को लेकर अडे रहे।

उन्होंने मुलाकात के दौरान चुटकियां लेते हुए बोर्ड चेयरमैन को यहां तक कह दिया दिया कि वित्तीय स्वीकृति लिए बिना मैं जाने वाला नहीं हूं। सांसद चौधरी ने वहां बैठकर जयपुर एवं अजमेर रेलवे को लेटर भिजवाए।

सांसद चौधरी ने बताया कि सिरोही जिला केन्द्र आजादी के 76 वर्षो के बाद भी रेलवे नेटवर्क से नही जुड पाया हैं। सिरोहीवासियो को आज तक रेलवे नेटवर्क से जुडने का इंतजार है। सिरोही की जनता को ट्रेन पकडने के लिए 30 किमी दूर पिण्डवाडा रेलव स्टेशन अथवा राजधानी ओर सुपर फास्ट ट्रेन पकडने के आबूरोड 75 किमी दूर जाना पडता है । वही दूसरी तरफ बागरा रेलवे स्टेशन की दूरी लगभग 60 किमी है। इस रेलवे लाइन के बनने से अल्ट्राटेक सिमेंट जेक़े. सिमेट सहित पंन्द्रह बडी उद्योगो को निर्यात करने मे काफी सुविधा होगी । इस रूट मे सिरोही पंचायत शिवगंज पंचायत और रेवदर पंचायत पर लगभग आङ्ग हजार लघु और मध्यम उद्योग प्रस्तावित है। बागरा में बडी संख्या में ग्रेनाइट कटाई और प्रसंस्करण इकाइयां हैं, यह देश का ग्रेनाइट उद्योग का महत्वपूर्ण केंद्र है। बागरा रेलवे स्टेशन पर एक नया गुड्स प्लेटफॉर्म बनाया जा रहा है, जिससे ग्रेनाइट उद्योग को माल परिवहन में सुविधा होगी। वही दुसरी तरफ स्वरूपगंज रेलवे फ्रेट कॉरिडोर, जिसे वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का हिस्सा है । इसलिए बागरा से स्वरूपगंज रेलवे लाइन होने से ग्रेनाइट उद्योग को एक नया आयाम मिलेगा। यहॉ के युवाओ के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे । इस रेलवे लाइन से रेलवे के राजस्व मे अत्यधिक वृद्धिं होगी।

# धरातल पर कोई काम नहीं हुआ : सरोज चौधरी



जालोर जिले में आहोर के शक्ति सराय में नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। आहोर के शक्ति सराय में शनिवार को नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें आगामी नगर पालिका चुनाव और आहोर की मूलभूत समस्यायों के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान विधानसभा प्रत्याशी सरोज चौधरी ने कहा कि आहोर क्षेत्र में लोग भाजपा सरकार में परेशान हैं। हर गांव में समस्याओं का अम्बार हैं, लेकिन लोगों की कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। हमें अपनी आवाज को बुलंद करना होगा, ताकि बहरी सरकार तक आवाज पहुँच सके। कांग्रेस के लिए आमजन सबसे महत्वपूर्ण होता हैं। भाजपा के लोग सिर्फ बातें करते हैं। धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा हैं।

जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने कहा कि आगामी नगर पालिका चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अभी से तैयार हो जाये। सभी को मिलकर और संगठित होकर चुनाव जीतना हैं। नगर कांग्रेस अध्यक्ष भंवरलाल छीपा ने कहा कि कांग्रेस अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति के लिए सोचने वाली पार्टी हैं। हम बातों में नहीं काम में विश्वास रखते हैं।

पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल ने कहा कि आहोर की समस्याओं के समाधान के लिए हम संघर्ष के लिए तैयार हैं। इससे पहले नव नियुक्त नगर अध्यक्ष भंवरलाल छीपा का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मांगीलाल प्रजापत,जिला उपाध्यक्ष आमसिंह परिहार,ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र जोशी, मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह राठौड, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बस्तीमल चौहान, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुशाल सिंह राजपुरोहित, पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल चौधरी व्यापार संघ अध्यक्ष नारायण सिंह राठौड, गिरधारी सिंह पंवार, विरमसिंह मांगलिया , तुलसाराम देवासी, शैतानसिंह मांगलिया, जयन्तिलाल छीपा, भरतराव, लक्ष्मण सुथार, ईश्वरसिंह मांगलियां, विजयसिंह सोलंकी, भैरूसिंह मांगलिया, योगेश गर्ग, कालुराम मीणा, जबराराम दमामी, थानाराम माधोपुरा आदि उपस्थित थे।

## निरीक्षण किया

**जोधपुर**, (कासं) । विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज राजकीय दंत महाविद्यालय, जोधपुर के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया।

भवन निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यकारी एजेंसी आरएसआरडीसी के निदेशक को दूरभाष पर लंबित कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही महाविद्यालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु नवीन जीएसएस की स्थापना के संबंध में डिस्कॉम अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस अवसर पर शहर के विधायक अतुल भंसाली एवं मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलगुरू डॉ. एम. के. आसेरी भी मौजूद थे।

इस मौके पर राजकीय दंत महाविद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोगा राम पटेल तथा विशिष्ट अतिथि विधायक अतुल भंसाली तथा मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलगुरू डॉ. महेंद्र असेरी ने वृक्षारोपण कर आम जन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर एमडीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ विकास राजपुरोहित, उम्मेद अस्पताल के अधीक्षक डॉ मोहन मकवाना, डॉ दिलीप कच्छवाहा,डॉ योगिराज जोशी, डॉ अरविंद चौहान, डॉ नोडल अधिकारी डॉ विकास देव, डॉ रोहित माथुर,डॉ हरीश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# आहुतियों से प्रसन्न होते हैं भगवान शिव : स्वामी सच्चिदानंद

**जोधपुर**, (कासं) । संत सरोवर सोमाश्रम, माउंट आबू के महंत स्वामी संवित सच्चिदानंद गिरि महाराज ने कहा कि यज्ञ द्वारा दी गई आहुतियों से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और मानव सहित संपूर्ण विश्व का पालन करते हैं, कल्याण करते हैं। जहां शिव हवन होता है वो पूरा क्षेत्र शिवमय, आलोकमय हो जाता है और चारों तरफ का वातावरण शुद्ध हो जाता है।

स्वामी संवित सच्चिदानंद गिरि महाराज ने यह उद्गार दईजर लाछा बासनी में परमहंस स्वामी ईश्वरानंद गिरि महाराज द्वारा स्थापित संवित धाम आश्रम में महामृत्युंजय कोटि रुद्र हवन के शुभारंभ पर व्यक्त किए।

श्रीविग्रह, श्रीपादुका की पूजा अर्चना और गुरु आज्ञा के बाद समस्त यजमान ने यज्ञ पूर्व प्रायश्चित और वैदिक मंत्रों के बीच दसविद स्नान किया जिसके तहत स्वर्णजनित जल, गंगा, यमुना, क्षिप्रा, कावेरी सहित अन्य तीर्थो के जल, गाय के दूध, दही, घृत, गाय के मूत्र, गोबर, भस्मी सहित दस पदार्थ शामिल हैं।

संवित साधनायन सोसायटी के उपाध्यक्ष दिनेश चन्द्र सिंहल और डॉ. सीएस कल्ला ने बताया कि शनिवार को प्रातः यज्ञ मंडप प्रोक्षण, विभिन्न देवताओं की पीठ की स्थापना के साथ ही संवित धाम आश्रम परिसर में मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सुमंगली महिलाएं, बालिकाएं पारंपरिक परिधान में मंगल कलश लेकर चल रही थी वहीं वेदपाठी ब्राह्मण वैदिक मंत्रों का पाठ ओर संकीर्तन करते हुए आश्रम परिसर और ईश्वर महाकीर्ती यज्ञशाला की परिक्रमा की। संत सरोवर,सोमाश्रम, माउंट आबू के महंत स्वामी संवित सच्चिदानंद गिरि महाराज, शंकरलोक आश्रम गांधीनगर, अहमदाबाद से आए स्वामी वीरेश्वर गिरि और श्रीनंदगोकुल आश्रम, श्रीनिवासपुरम, बैंगलोर के महंत स्वामी सुधीरानंद गिरि महाराज भी शोभायात्रा में शामिल हुए।

13 जुलाई को प्रातःकालीन सत्र में गणपति पूजन, गुरु पूजन के बाद द्वितीय सत्र में अरणी मंथन से अग्नि प्रज्ज्वलित की जाएगी। शाम को 5.30 बजे उद्घाटन सभा होगी जिसमें संत महात्मा प्रवचन देंगे। 25 कुंडिय ईश्वर महाकीर्ती यज्ञशाला में पूरे माह हवन चलेगा जिसमें महामृत्युंजय मंत्र की एक करोड़ आहुतियां दी जाएगी। प्रतिदिन 150 यजमान आहुति देंगे।

हवन में ऋत्विज ब्राह्मण, वैदिक कर्मकांडी ब्राह्मण जोधपुर, फलोदी, सोजत, दिल्ली, गुजरात ओर महाराष्ट्र से आकर भाग लेंगे वहीं देश विदेश के यजमान आहुतियां देने के लिए अलग अलग समय पर संवित धाम आश्रम पहुंचते रहेंगे।

## गिरादड़ा में कई कार्यों का लोकार्पण

**पाली**,(नि.सं.)। पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने पाली जिले के प्रवास दौरान शनिवार को गिरादड़ा में आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस दौरान मंत्री कुमावत ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कर ठाामीण महिलाओं को भी पौधे वितरित किए । साथ ही मंत्री ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुपालकों को बीमा पॉलिसी वितरित की। कुमावत ने गिरादड़ा जागीर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवादिया व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बल्दो की ढाणी में विधायक कोष से निर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया। इसी तरह विधायक कोष से निर्मित गुलाबपुरा में तालाब की दीवार, आम चौके से आई माता वडेर की तरफ सीवरेज पाइपलाइन, दाकू देवी के घर से गंदे नाले की तरफ सीवरेज पाइपलाइन बिछाने संबंधी कार्य का लोकार्पण किया गया।

इसके बाद मंत्री जोराराम कुमावत ने गिरादड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गिरादड़ा से जवड़िया की तरफ सीवरेज कार्य, जवड़िया में खीमाराम देवासी के घर से बांडी नदी की तरफ नाला निर्माण कार्य तथा बल्दों की ढाणी में भगाराम आदाजी के घर से वेनाराम मेघवाल के घर की तरफ सीसी मय नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

वहीं हरियालो राजस्थान अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के राणा गांव क्षेत्र में सघन पौधारोपण किया गया।

संस्था प्रधान राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पौधारोपण में अब तक राणा ग्राम पंचायत में 500 से ज्यादा पौधे लगाए जा चुके हैं।

# राज्य एकलव्य ओपन शतरंज प्रतियोगिता शुरू



जालोर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय एकलव्य ओपन शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर स्थित एक निजी होटल में एकलव्य फाउंडेशन जालोर की ओर से शनिवार को दो दिवसीय राज्य स्तरीय एकलव्य ओपन शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मेघाराम बेनधा अध्यक्ष डी सी ए जालोर, ज्योति स्वरूप जोशी सचिव डी सीए जालौर, राजेंद्र तेली चीफ आर्बिटर, शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर वरिष्ठ सलाहकार एकलव्य फाऊंडेशन, भंवरलाल सुथार डिप्टी चीफ आर्बिटर, फीडे आर्बिटर मनीष ठाकुर कोषाध्यक्ष डीसीए जालोर, पीबी सैन अध्यक्ष एकलव्य फाऊंडेशन, अनिल शर्मा, रामलाल खत्री, सूर्यवीर सिंह वाघेला द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं एकलव्य फाऊंडेशन के सचिव भरत कुमार जीनगर ने बताया कि जालौर में आयोजित हो रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 158 खिलाडी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति से 9 राउंड में संपन्न होगी। इसमें प्रथम दिन पांच राउंड एवं द्वितीय दिवस चार राउंड खेले जाएंगे। खिलाडियों द्वारा कुल प्राप्त अंकों एवं ट्राय ब्रेक के आधार पर विजेताओं का निर्धारण किया जाएगा। द्वितीय चरण की समाप्ति पर कुल 36 खिलाडी दो-दो अंक प्राप्त कर आगे चल रहे हैं । प्रत्येक चक्र की समाप्ति पर कठिनता का स्तर बढता जाएगा एव रोचक मुकाबले देखने को मिलेंगे प्रतियोगिता में कुल 46 फीडे रेटेड खिलाडी खेल रहे हैं । जिसमें जालौर के दो खिलाडी शामिल है । इस अवसर पर अतिथियों ने सम्बोधित करते हुए कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है। जिसमें बुद्धि का विकास होता है । इसमें हार जीत एक सिक्के के दो पहलू है। इस प्रतियोगिता में राज्य से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के भी खिलाडी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता को लेकर खिलाडियों में खासा उत्साह है। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राजेंद्र तेली, निलेश कुमावत ,मनीष ठाकुर ,भावेश पोडियार ,भंवर सिंह, कमल सैनी ,जितेश शर्मा, चंदन कुमार की रही। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पवन ओझा ने किया।

इस अवसर पर एकलव्य फाउंडेशन के अध्यक्ष पीबी सैन, भरत कुमार, पवन ओझा,अशोक कुमार, महेंद्र कुमार, चारुल शर्मा, खीवसिंह राजपुरोहित संपत आर्य, रविंद्र सिंह मंडलावत ,सूरजपाल सिंह गजेंद्र पाल सिंह, चंपालाल परमार, कांतिलाल नारायण राव, मदन सिंह, तनवीर सिंह, नरेंद्र कुमार, अर्जुन सिंह सहित कई जने उपस्थित थे।

# रोशनी म. सा. को सुमति मुनि ने बड़ी दीक्षा प्रदान की

**जोधपुर**, (कासं) । नव दीक्षित रोशनी श्रीजी म सा को सुमति मुनि ने यहाँ चोरड़िया भवन में सुबह श्रीसंघ की उपस्थिति में बड़ी दीक्षा प्रदान की। मुनिश्री ने कहा कि दीक्षा की अनुमोदना सुकृत कार्य करने करवाने व उसकी अनुमोदना से होती है।

इस अवसर पर मुनिश्री ने कहा कि पानी से भाप की शक्ति ज्यादा होती है। सद्भावना में अद्भूत शक्ति है, आत्मीय भाव से जीवों के प्रति सद्भावना करने से, अनुमोदना करने से सयंम की ओर अठासर हो जाते हैं। एवं सद्भावना करने वालों में शक्ति जागृत होने से उनका कार्य शीघ्र हो जाता है।

उन्होंने कहा कि साधु को भ्रमर की उपमा दी गई है। भ्रमर अनेक फूलों से रस लेता है। साधु को आहार बहराने से सुपात्र दान देने वाले का चेहरा प्रसन्नचित होकर आनन्दित हो जाता है। सुख सुविधा को जहर माना गया। इसका त्याग आपको दान-शील-तप एवं भावना से करने पर इच्छा रूपी संज्ञा पर पूर्ण नियंत्रण रख सकते है।

इस अवसर पर महासती नगीना श्री जी ने बड़ी दीक्षा के बारे में विस्तार से समझाते कहा कि जब वस्त्र तैयार हो जाता है तो उसको मशीनों से शुद्धि के लिए गुजरना होता है। वस्त्र का शुद्धिकरण प्रक्रिया ही छोटी दीक्षा है। फिर उस वस्त्र को रंग - पोलिस आदि से चमकाया जाता है, यह प्रक्रिया बड़ी दीक्षा है। डाक्टर डिठाी प्राप्त कर जब तक अभ्यास नहीं करता तब तक वह पूर्ण नहीं होता है। इस अवसर पर विमल धारीवाल ने सजोड़े ब्रह्मचर्य (शील) व्रत के पचक्खाण ) ग्रहण किये। आज भी पांडाल श्रावक-श्रावकों से खचाखच भरा हुआ था।

अनुमोदना हेतु अनेक लोगों ने प्रत्याख्यान ग्रहण किये। बड़ी दीक्षा महोत्सव में भाग लेने के लिए पाली, नागौर, बावड़ी, व्यावर आदि अनेक नगरों से लोग चौरड़िया भवन पहुंचे।

# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मामला दर्ज

**जोधपुर**, (कासं) । रुपयों को लेकर बार-बार ताने दिए जाने से मानसिक तनाव में आए युवक के आत्महत्या करने का मामला शेरगढ़ थाने में दर्ज हुआ है।

पुलिस के अनुसार खिरजा भोजा निवासी शिवराम पुत्र भंवरलाल मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि करीब 7-8 वर्ष पूर्व उसके पिता की बीमारी के दौरान बड़े पिताजी रेवतराम व उनके पुत्र हुकमाराम ने कुछ रुपए दिए थे, जिसकी जानकारी परिवार को नहीं थी, लेकिन वे बार-बार सामाजिक आयोजनों में समाज के सामने पैसों का तकाजा कर अपमानित करते थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत नौ जुलाई को एक पारिवारिक कार्यक्रम में फिर से अपमानजनक व्यवहार किया गया, जिससे उसका भाई रावलराम मानसिक तनाव में आ गया। दस जुलाई की रात रावलराम ने घर के आगे बने टांके में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।